## गुस्ताखी माफ



लटका डाले कैमरे, जगह-जगह श्रीमान।
बचना अब चालान से, काम नहीं आसान।
काम नहीं आसान, रूल जो भी तोड़ेगा।
फोटू लेगा खींच, नहीं बिल्कुल छोड़ेगा।
कह साहिल कविराय, लगेगा तगड़ा झटका।
दरवाजे पर समन, सुबह जब होगा लटका।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 02 | TUESDAY 13-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER   Visit at : www.uturntime.com

# CM दौरे से पूर्व फगवाड़ा में फायरिंग, फेमस स्वीट शॉप पर चलाईं गोलियां

पंजाब/यूटर्न/12 जनवरी। पंजाब लगातार फायरिंग करने की घटनाएं बढ़ती जा रही है। सोमवार को फगवाड़ा में बड़ी वारदात हुई। जहां सीएम भगवंत मान के दौरे से पहले ही सुबह सात बजे फेमस सुधीर स्वीट शॉप पर बदमाशों द्वारा फायरिंग कर दी गई। इसकी सूचना मिलते पुलिस के आला अफसर मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस को मौके से गोलियों के खोल मिले हैं, जिन्हें कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस अब हमलावरों की तलाश में सीसीटीवी खंगाल रही है, ताकि जल्द से जल्द उन्हें गिरफ्तार किया गया सके। कपूरथला के एसएसपी गौरव तूरा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और हर पहलू को खंगाला जा रहा है। स्वीट शॉप के मालिक से भी जानकारी जुटाई जा रही है कि कई उसे कोई धमकी वगैरह तो नहीं मिली।



### सीएम जालंधर और फगवाड़ा दौरे पर

*वहीं सोमवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा जालंधर और फगवाड़ा का दौरा किया गया। उनके दौरे से पहले वारदात हुई। सुबह सीएम जालंधर में लोक मिलनी के दौरान मौके पर लोगों की समस्याओं को सुनकर हल कराया। इसके बाद लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, फगवाड़ा में स्टार्ट अप पंजाब में शिरकत की।*

**स्कूटी पर आए तीन बदमाश, फायरिंग कर भागे...**मिली जानकारी मुताबिक, फगवाड़ा के होशियारपुर रोड पर 'सुधीर स्वीट शॉप' स्थित है। इसके मालिक राजिंदर सुधीर है। राजिंदर के रिश्तेदार के मुताबिक, सोमवार की सुबह सात बजे दुकान पर राजिंदर का बेटा कैश काउंटर संभाल रहा था, जबकि तीन ग्राहक भी खड़े थे। दुकान में 3-4 कारीगर भी मौजूद थे। इसी दौरान स्कूटी सवार तीन बदमाश वहां पहुंचे और मेन गेट को निशाना बनाते हुए फायरिंग कर तुरंत ही फरार हो गए।

**गोलियां चलते ही मची अफरा तफरी, छिपे लोग...**जानकारी के मुताबिक, गोलियां की आवाज सुनकर दुकान में मौजूद राजिंदर के बेटे और वहां मौजूद ग्राहक सकते में आ गए। गोलियां से बचने के लिए तुरंत ही सभी इधर-उधर भागने लगे। बदमाशों के फरार होने के बाद आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

## लुधियाना में गारमेंट शोरुम पर फायरिंग करने वाले अपराधियों का एनकाउंटर, दो की हालत गंभीर

लुधियाना/यूटर्न/12 जनवरी। लुधियाना के सिविल लाइन में डस्टी लूक शोरुम मालिक द्वारा 50 लाख की फिरौती न देने पर शोरुम पर फायरिंग करने वाले तीन गैंगस्टरों का लुधियाना पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया है। इस दौरान दो बदमाशों को गोलियां लगने से उनकी हालत गंभीर है। जिन्हें अस्पताल दाखिल कराया गया है। हालांकि इस दौरान एक मुलाजिम की पगड़ी को चीरते हुए भी गोली निकली। इस दौरान आरोपियों से एक बाइक और पिस्तौल बरामद हुई है। जख्मी आरोपियों की पहचान सुमित कुमार और संजू के रुप में हुई है। एनकाउंटर के बाद पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा खुद मौके पर पहुंचे और मामले का जायजा लिया।



**रोहित गोदारा गैंग ने मांगी थी फिरौती...**पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा ने बताया कि राजस्थान के निवासी और विदेश बैठे गैंगस्टर रोहित गोदारा ने फिरौती के लिए कॉल की थी। फिरौती न देने पर बदमाशों ने शोरुम के बंद शटर पर फायरिंग कर धमकाया। उसकी लीड हमारे पास पहले दिन से थी। आरोपियों को पकड़ने के लिए सोमवार को नाकाबंदी की थी। आरोपियों ने अपनी ठहर बदलनी थी। आरोपियों ने नाका तोड़ा और फायरिंग कर दी। पुलिस पार्टी ने जवाबी फायर की।

**नाका तोड़कर भागे थे आरोपी...**एएसआई सुखविंदर सिंह ने बताया कि उन्होंने जस्सियां इलाके में नाकेबंदी की थी। तीन संदिग्ध युवक नाका तोड़कर भाग रहे थे। वायरलेस पर जब सूचना मिली तो वो अपनी पुलिस पार्टी के साथ पीछा करने चले गए। रेलवे लाइन के पास नाका लगा दिया, ताकि वो यहां से भाग न सकें। नाके पास आकर उन्होंने दूसरी तरफ भागने की कोशिश की। हवलदार हरदीप सिंह ने उन्हें रोकने के लिए बाहर निकाला तो आरोपियों ने गोली चला दी। हरदीप की पगड़ी को गोली चीरते निकल गई। फिर पुलिस ने फायरिंग की।



Uturn Time 13 Jan 2026_Page 1-4.qxd  12-01-2026  23:00  Page 2



# नौकरी ढूंढने नहीं, नौकरी देने वाला बनेगा पंजाब

## मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने किया राज्य के पहले स्टार्टअप पंजाब कॉन्क्लेव का उद्घाटन

फगवाड़ा, यूटर्न, 12 जनवरी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोमवार को कपूरथला स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में राज्य के पहले स्टार्टअप पंजाब कॉन्क्लेव 2026 का उद्घाटन करते हुए स्पष्ट किया कि पंजाब का भविष्य नौकरियों की तलाश में नहीं, बल्कि उद्यमिता अपनाने में है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवाचार और कड़ी मेहनत ही किसी भी स्टार्टअप की सफलता की असली रीढ़ होती है, और राज्य सरकार हर नए कारोबारी विचार को पूरा समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित इस राज्य-स्तरीय कॉन्क्लेव में 100 से अधिक स्टार्टअप्स, निवेशक, उद्योगपति, इनक्यूबेटर्स, शिक्षाविद और नीति निमार्ता एक मंच पर एकत्र हुए। मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील की कि वे नौकरी मांगने वाले नहीं, रोजगार सृजनकर्ता बनें और पंजाब के आर्थिक भविष्य को नई दिशा दें।





मुख्यमंत्री ने कहा,
'हम चाहते हैं कि पंजाब का युवा अपनी पहचान बनाए और दूसरों को रोजगार देने वाला बने। सरकार फंड और नीति—दोनों स्तरों पर हर संभव सहयोग देगी।'

- मुख्यमंत्री का बड़ा ऐलान - Startup Push
- 8 स्टार्टअप्स को विशेष प्रोत्साहन चेक
- 7 स्टार्टअप्स को 3-3 लाख रुपये सीड ग्रांट
- प्रत्येक स्टार्टअप को 1.20 लाख रुपये लीज रेंटल सहायता
- 15+ इनक्यूबेटर्स और 5+ सहायक संस्थानों की भागीदारी

### युवाओं को संदेश

- *'पंजाब का भविष्य नौकरी खोजने में नहीं, उद्यमिता अपनाने में है'*
- *'पंजाबी जन्मजात उद्यमी होते हैं'*
- *'सरकार हर ईमानदार विचार के साथ खड़ी है'*

### जापान उदाहरण से दी सोच बदलने की सीख

मुख्यमंत्री ने अपनी हालिया जापान यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां स्पष्ट दृष्टिकोण, सिंगल विंडो सिस्टम और कड़ी मेहनत विकास की कुंजी हैं। उन्होंने युवाओं से वैश्विक सोच अपनाने और ओवरटाइम मेहनत से सफलता हासिल करने की अपील की।

### पिछली सरकारों पर तीखा हमला

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले लोग डर के कारण उद्यम शुरू नहीं कर पाते थे क्योंकि सत्ता में बैठे लोग हिस्सा मांगते थे। 'आज आम लोगों की सरकार है, जो हर नागरिक को आगे बढ़ने का अवसर दे रही है।'

### स्टार्टअप पंजाब कॉन्क्लेव २०२६ की खास बातें


- AI, डीप टेक, साइबर सिक्योरिटी पर पैनल चर्चाएं
- 75-80 स्टार्टअप्स और इकोसिस्टम पार्टनर्स की प्रदर्शनी
- इनक्यूबेटर्स और नोडल एजेंसियों का सम्मान
- समावेशी और सतत आर्थिक विकास पर फोकस

### पंजाब की नई सोच

- महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स को प्राथमिकता
- कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और प्रशासन में इनोवेशन
- औद्योगिक एवं कारोबारी विकास नीति 2022 के तहत पारदर्शी ढांचा

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने निवेशकों और उद्योगपतियों से पंजाब के युवाओं की प्रतिभा पर विश्वास करने और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में साझेदार बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा, लोकसभा सदस्य डॉ. राज कुमार चब्बेवाल, राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सीबीआई अधिकार क्षेत्र विवादः आईपीएस भुल्लर ने याचिका ली वापस, हाईकोर्ट से चार्जशीट को चुनौती देने की छूट



अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 12 जनवरी। चंडीगढ़ में सीबीआई के अधिकार क्षेत्र को लेकर दायर याचिका पर बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। पंजाब कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हरचरण सिंह भुल्लर ने इस मुद्दे पर दाखिल अपनी याचिका को वापस ले लिया है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए उन्हें चार्जशीट के खिलाफ नई और विस्तृत याचिका दायर करने की स्वतंत्रता भी प्रदान की है।

मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायमूर्ति नीरजा कुलवंत कलसन की खंडपीठ के समक्ष हुई। इस दौरान सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि चंडीगढ़ में एजेंसी के अधिकार क्षेत्र से जुड़े सभी पहलुओं की जांच पूरी कर ली गई है और सीबीआई अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए तैयार है।

### अब मुद्दा बदल गया है: बचाव पक्ष

सुनवाई के दौरान भुल्लर की ओर से पेश वकील ने अदालत को अवगत कराया कि पिछली सुनवाई के बाद परिस्थितियों में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। अब सीबीआई जांच पूरी कर चुकी है और चालान भी दाखिल किया जा चुका है, जबकि मौजूदा याचिकाएं उस समय दायर की गई थीं जब जांच प्रगति पर थी। ऐसे में इन याचिकाओं की प्रासंगिकता समाप्त हो गई है। वकील ने अदालत से आग्रह किया कि मौजूदा याचिकाओं को वापस लेने की अनुमति दी जाए, ताकि चार्जशीट को चुनौती देते हुए नई और व्यापक याचिकाएं दाखिल की जा सकें। अदालत द्वारा यह पूछे जाने पर कि नई याचिकाएं एक से अधिक क्यों होंगी, बचाव पक्ष ने स्पष्ट किया कि भुल्लर के खिलाफ दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज हैं—एक आय से अधिक संपत्ति से जुड़ी और दूसरी कथित ट्रैप मामले से संबंधित। गौरतलब है कि इससे पहले भुल्लर ने अदालत में तर्क दिया था कि दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम की धारा 5 के तहत चंडीगढ़ में सीबीआई का अधिकार क्षेत्र सीमित है। उनका कहना था कि मौजूदा अधिसूचना के अनुसार सीबीआई केवल चंडीगढ़ में तैनात केंद्रीय कर्मचारियों के खिलाफ ही कार्रवाई कर सकती है।भुल्लर की ओर से यह भी दलील दी गई थी कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों की उत्पत्ति पंजाब में हुई है और उनका चंडीगढ़ से कोई प्रत्यक्ष क्षेत्राधिकार संबंध नहीं बनता। केवल इस आधार पर कि कथित ट्रैप चंडीगढ़ में लगाया गया, पूरे मामले की जांच सीबीआई द्वारा किए जाने को उन्होंने कानूनन गलत बताया था।हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज करते हुए भुल्लर को उपयुक्त कानूनी उपाय अपनाने की छूट दे दी है।

# सुभाष शर्मा ने गुजरात दौरे में गिनाईं पंजाब सरकार की योजनाएं

- आम आदमी पार्टी से जुड़ने की अपील, कई कार्यकर्ता हुए शामिल



लालड़ु, यूटर्न, 12 जनवरी। गुजरात में आगामी महीनों में होने वाले ब्लॉक समिति, जिला परिषद और स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर आम आदमी पार्टी ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब वॉटर एंड सीवरेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन सुभाष शर्मा ने गुजरात के अहमदाबाद स्थित अमरावडी क्षेत्र का दौरा किया।

इस दौरान सुभाष शर्मा ने गुजरात के लोगों को पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी आज देश में एक मजबूत और भरोसेमंद विकल्प बनकर उभरी है, जो आम जनता की समस्याओं और अधिकारों को प्राथमिकता देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुरानी राजनीतिक पार्टियों ने हमेशा अपने निजी हितों को तरजीह दी, जबकि आम आदमी पार्टी ईमानदार राजनीति और जनसेवा के सिद्धांत पर काम कर रही है।

सुभाष शर्मा ने गुजरात की जनता से आम आदमी पार्टी से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि पार्टी की लीडरशिप पूरी तरह ईमानदार है और आम लोगों के हक में फैसले ले रही है। उन्होंने दावा किया कि इस बार गुजरात की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है और आने वाले समय में गुजरात में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी।

दौरे के दौरान अमरावडी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े कई कार्यकताओं ने आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पंजाब से एम.पी. सैनी, अमरावडी विधानसभा प्रभारी मोतीलाल देसाई, विनय गुप्ता और महेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

यदि आप चाहें तो मैं इसे और छोटा, राजनीतिक बयान हल्का करके, या स्थानीय पेज के अनुसार भी एडिट कर सकता हूं।

# पार्किंग को लेकर हुए विवाद में युवती व पिता से मारपीट , मामला दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 12 जनवरी। बलटाना स्थित डिवाइन अपार्टमेंट में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में एक युवती और उसके पिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार फ्लैट नंबर 2/बी, डिवाइन अपार्टमेंट निवासी 29 वर्षीय सुनेना अरोड़ा, जो पंचकूला के सेक्टर-20 स्थित एशियन पेंट्स में सीनियर इंटीरियर डिजाइनर के पद पर कार्यरत हैं, ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 6 जनवरी की रात करीब 9.15 बजे उनके पिता बाजार से लौटकर स्कूटी फ्लैट के नीचे खड़ी कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी द्वारा स्कूटी साइड में करने को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि बात बढ़ने पर पड़ोसी पक्ष की महिलाओं ने डंडों से सुनेना पर हमला कर दिया, जिससे उनके हाथ, कमर और टांगों पर चोटें आईं। बीच-बचाव करने आए पिता पर भी पाइप से वार किया गया। घटना के बाद परिजनों ने सुनेना को इलाज के लिए सिविल अस्पताल ढकोली में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस चौकी बलटाना को अस्पताल से मेडिकल रुक्का मिलने के बाद डीडीआर दर्ज की गई और मामले की पड़ताल की गई। जांच में मारपीट की पुष्टि होने पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 115(2), 126(2), 351(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मेडिकल रिकॉर्ड हासिल कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

Uturn Time 13 Jan 2026_Page 1-4.qxd 12-01-2026 23:00 Page 3






पेज 06 खाटू वाले बाबा तेरी लीला न्यारी भजनों की मस्ती...




# पंजाब सरकार ने लोन पर घटाई स्टाम्प ड्यूटी, अब .25 प्रतिशत और अधिकतम 5 लाख तक ही लगेगी ड्यूटी

लुधियाना/यूटर्न/12 जनवरी। लोहड़ी के त्यौहार पर पंजाब सरकार की और से राज्य के निवासियों को तौहफा देते हुए बड़ी राहत दी गई है। जिसके चलते अब किसी भी प्रकार के लोन मामले में हाइपोथिगेशन और मोर्टगेज पर लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी की .25 प्रतिशत की शर्त को अधिकतम 5 लाख तक सीमित कर दिया है। लेकिन अगर 0.25 प्रतिशत 5 लाख से कम है तो बनती राशि लागू होगी। जिससे लोगों को काफी फायदा मिलेगा। हालांकि इंडस्ट्री समेत राज्य के हर निवासी की स्टाम्प ड्यूटी घटाने की मांग थी। जिसे सरकार द्वारा पूरा कर दिया गया है। हालांकि इसमें अहम योगदान इंडस्ट्री मिनिस्टर संजीव अरोड़ा का रहा है। पंजाब सरकार द्वारा सेशन के दौरान इस पर फैसला किया था। जिसका गजट भी जारी कर दिया गया है। इस संबंधी नामी कारोबारी अमित थापर ने बताया कि अब किसी भी प्रकार के लोन फिर चाहें वह घर, इंडस्ट्री या दुकान के लिए लेना हो, सभी पर ड्यूटी पांच लाख रुपए लगेगी।






## इंडस्ट्री और आम जनता दोनों को फायदा

कारोबारी अमित थापर ने बताया कि इस स्टॉम्प ड्यूटी का ज्यादा फायदा 20 करोड़ से ज्यादा का लोन लेने वालों को होगा। पहले 10 करोड़ के लोन पर ढ़ाई लाख स्टॉम्प ड्यूटी लगती थी। जिसके चलते अब चाहे 100 करोड़ का लोन लें, लेकिन चार्ज एक ही रहेगें। वहीं बात करें 5 या 10 लाख का लोन लेने वालों की तो उनके लिए सरकार द्वारा पहले ही रजिस्ट्रेशन के समय लगने वाले चार्ज कम कर दिए हैं। वहां पर पहले .25 प्रतिशत चार्ज थे। लेकिन अब उसे खत्म कर एक हजार रुपए की कैपिंग कर दी है। जिसके चलते आम जनता और इंडस्ट्री दोनों को फायदा मिलेगा।



## इंडस्ट्री की होगी ग्रोथ

गंगा एक्रोवूल के एमडी अमित थापर ने कहा कि स्टॉम्प ड्यूटी बढ़ने के कारण इंडस्ट्री पंजाब से शिफ्ट होकर दूसरे राज्यों में जाने लग गई थी। क्योंकि दूसरे राज्यों में ड्यूटी कम है। लेकिन अब ड्यूटी कम होने पर इंडस्ट्री वापिस पंजाब में आएगी। लोग अपने रजिस्टर्ड ऑफिस फिर से पंजाब में चला सकेगें, इससे इंडस्ट्री की ग्रोथ होगी। मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा यह एक अहम कदम उठाया है।

# यूथ वाइस प्रेजिडेंट बनने पर बॉबी मुंडे ने लिया संत रामपाल सिंह जी का आशीर्वाद, संतों ने किया सम्मानित



लुधियाना/यूटर्न/12 जनवरी। लोग भलाई और धार्मिक कार्यों के लिए हमेशा आगे रहने वाले लुधियाना यूथ कांग्रेस के वाइस प्रेजिडेंट जसप्रीत सिंह बॉबी मुंडे अपनी नवनियुक्ति होने पर गांव झांडे में संत रामपाल सिंह जी का आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे। इस दौरान उनकी और से सभी की सुख समृद्धि और तरक्की की अरदास की गई। वहीं इस दौरान संत रामपाल सिंह जी की और से बॉबी मुंडे को सरौंपा डालकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर बॉबी मुंडे ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें संत रामपाल सिंह जी का आशीर्वाद लेने का मौका मिला। बॉबी मुंडे ने कहा कि वह गुरु साहिब के बताए हुए रास्ते पर चलकर हमेशा मानवता और लोग भलाई के कार्यों को पहल देते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है वह उसे पूरी मेहनत, लगन और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। वहीं यूथ कांग्रेस पार्टी के साथ हर समय कंधे के साथ कंधा लगाकर खड़ी है।

# ट्राईसिटी में कार चोरी गिरोह पर शिकंजा, दिल्ली के तीन आरोपी दबोचे, पांच वाहन बरामद

चंडीगढ़, यूटर्न, 12 जनवरी। ट्राईसिटी में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं पर चंडीगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने दिल्ली से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई पांच लग्जरी कारें बरामद की हैं। जांच में सामने आया है कि यह गिरोह आधुनिक तकनीक के जरिए कार चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिल्ली निवासी 44 वर्षीय दीपक खन्ना उर्फ तुषार, 37 वर्षीय आकाश मल्होत्रा और 25 वर्षीय दीपांशु के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दीपक खन्ना गिरोह का मुख्य सरगना है, जो टैबलेट डिवाइस की मदद से कारों का लॉक खोलता था, जबकि उसके साथी वाहन लेकर मौके से फरार हो जाते थे।



## चोरी की कारों का नेटवर्क दिल्ली-पंजाब तक फैला

जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि चोरी के बाद वाहन गुरमीत सिंह उर्फ काला नामक व्यक्ति को सौंपे जाते थे, जो इन्हें दिल्ली और पंजाब के मानसा क्षेत्र में ठिकाने लगाता था। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

## मास्टरमाइंड पर दर्ज हैं दर्जनों मामले

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक दीपक खन्ना पहले भी वाहन चोरी के कई मामलों में शामिल रह चुका है। उसके खिलाफ चंडीगढ़, दिल्ली, कुरुक्षेत्र और करनाल समेत कई शहरों में अनेक केस दर्ज हैं। वहीं, आकाश मल्होत्रा और दीपांशु का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से दीपक खन्ना का पुलिस रिमांड मंजूर किया गया, जबकि अन्य दो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ जारी है और और भी चोरी के वाहनों की बरामदगी की संभावना है।

## सीसीटीवी फुटेज से मिली थी अहम कड़ी

यह कार्रवाई 9 जनवरी को दर्ज एक शिकायत के आधार पर की गई। सेक्टर-42बी निवासी कुलदीप सिंह बराड़ ने पुलिस को बताया था कि उनकी सफेद रंग की हुंडई क्रेटा कार घर के बाहर से चोरी हो गई थी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देश पर सेक्टर-36 थाना पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों और खुफिया इनपुट के आधार पर पुलिस ने दिल्ली में दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर हुंडई क्रेटा, आई-20, दो अन्य क्रेटा कारें और एक टोयोटा फॉर्च्यूनर सहित कुल पांच वाहन बरामद किए गए। इसके अलावा एक कार का स्टीरियो, शिकायतकर्ता का आधार कार्ड और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की चेकबुक भी बरामद हुई है।

# नाबालिग छात्रा की मौत से मातम, आठवीं की छात्रा ने घर में फांसी लगाई,पुलिस जांच में जुटी

चंडीगढ़, यूटर्न, 12 जनवरी। गांव बहलाना में सोमवार को एक दर्दनाक घटना सामने आया हैं , जहां आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली 13 वर्षीय छात्रा ने कथित तौर पर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इस घटना से परिवार ही नहीं, पूरे इलाके में शोक का माहौल है।



पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।मृतका छात्रा खुशी बहलाना के एक निजी स्कूल में पढ़ती थी। दोपहर करीब 1:50 बजे यह घटना उस समय हुई, जब उसकी मां और भाई-बहन घर की छत पर मौजूद थे। नीचे आने पर उन्होंने देखा कि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद है। अनहोनी की आशंका पर दरवाजा तोड़ा गया, जहां खुशी पंखे से फंदे पर लटकी मिली। परिजन उसे तुरंत सेक्टर-32 स्थित सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने सेक्टर-31 थाना पुलिस को सूचना दी।

**कोई सुसाइड नोट नहीं मिला...**पुलिस चौकी हल्लोमाजरा से अधिकारी मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। प्रारंभिक जांच में छात्रा के शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है।पुलिस ने छात्रा की मां के बयान दर्ज किए हैं। अब तक की जांच में किसी तरह की साजिश या किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका सामने नहीं आई है।पुलिस के अनुसार, छात्रा के पिता ऑटो चालक हैं और परिवार गांव बहलाना में किराये के मकान में रहता था। छात्रा द्वारा ऐसा कदम उठाने के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है ताकि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद को को किया नमन



चंडीगढ़, यूटर्न, 12 जनवरी। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने महान दार्शनिक, समाज सुधारक और युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी को उनकी 163वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम स्थित एसपीआर रोड पर स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति और कर्मयोग का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें।




Happy Birthday



Vinayak Gumber

# राणा बलाचौरिया हत्याकांड: पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी, विदेशी हैंडलिंग नेटवर्क का सुराग, तीन आरोपी दबोचे

अजीत झा

मोहाली, यूटर्न, 12 जनवरी। मोहाली के सोहाना क्षेत्र में कबड्डी प्रमोटर राणा बलाचौरिया की हत्या के मामले में पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वारदात के करीब चार सप्ताह बाद एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स ने दो शूटरों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर अंतरराज्यीय और विदेशी नेटवर्क की परतें खोलनी शुरू कर दी हैं। पुलिस का दावा है कि पूछताछ के दौरान इस सनसनीखेज हत्याकांड में विदेश से संचालित आपराधिक साजिश के संकेत मिले हैं।

विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए संयुक्त अभियान में पश्चिम बंगाल के हावड़ा से शूटर करण पाठक उर्फ करण डिफॉल्टर और तरनदीप सिंह को दबोचा गया। इस ऑपरेशन में सिक्किम पुलिस, मुंबई पुलिस, पश्चिम बंगाल एसडीएफ, हावड़ा पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने समन्वय के साथ कार्रवाई की।



हैंडलर अमर खाबे राजपूता के करीबी रिश्तेदार आकाश को भी गिरफ्तार किया गया है, जिसे इस नेटवर्क की अहम कड़ी माना जा रहा है। तीनों आरोपियों को जल्द ही पंजाब लाकर विस्तृत पूछताछ की जाएगी। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि यह कार्रवाई पंजाब, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और सिक्किम तक फैले एक सुनियोजित, इंटेलिजेंस-आधारित ऑपरेशन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर 2025 को मोहाली के सेक्टर-79 इलाके में राणा बलाचौरिया की रंगदारी न देने पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।डीजीपी के अनुसार जांच में विदेशी हैंडलर्स की भूमिका सामने आने के बाद अन्य आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में इस मामले में कई बड़े खुलासे होंगे। पंजाब पुलिस ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा है कि संगठित अपराध के खिलाफ उसकी मुहिम जारी रहेगी और राज्य में कानून-व्यवस्था व शांति बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

## हिमाचल से बाइक चोरी कर पुलिस से बचने के लिए नंबर प्लेट तोड़कर जाली नंबर प्लेट लगाई, पुलिस ने नाकाबंदी कर दबोचा



पंचकूला, यूटर्न, 12 जनवरी। वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पंचकूला पुलिस द्वारा लगातार नाकाबंदी, गश्त और संदिग्ध वाहनों की सख्त चैकिंग की जा रही है। पुलिस की इस सक्रिय रणनीति का असर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है, जहां वाहन चोरी जैसे अपराधों में संलिप्त आरोपियों को लगातार पकड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में पंचकूला पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 10 जनवरी को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक सैक्टर-15 पंचकूला के आसपास चोरी की मोटरसाइकिल के साथ घूम रहा है। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच सैक्टर-19 इंचार्ज मुकेश सैनी के नेतृत्व में टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी और संदिग्ध युवक को मौके पर ही काबू कर लिया।

## नशा मुक्त समाज के निर्माण में खेलों की अहम भूमिका: एन.के.शर्मा

डेराबस्सी, यूटर्न, 12 जनवरी। शिरोमणि अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एन.के.शर्मा ने खिलाड़ियों को किसी भी खेल को खेल भावना के माध्यम से खेलने की अपील करते हुए कहा है कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में खेलों की भूमिका सबसे अहम है। एन.के.शर्मा डेराबस्सी में टर्फ टाइटंस लीग सीजन-वन के सफलतापूर्वक किए गए आयोजन समारोह में शामिल हुए। इसका आयोजन जश्न बजाज,विकास बजाज तथा राहुल मेहता द्वारा किया गया। इस लीग में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूनार्मेंट में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया। जिनमें डेराबस्सी स्ट्राइकर, तंगौरी-सिक्स,सिल्वर सिटी स्ट्राइकर,गुलाबगढ़ प्लेयर्स तथा डेराबस्सी 11 आदि टीमें शामिल रही। फाइनल मुकाबले में डेराबस्सी 11 ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जहां ट्रॉफी को अपने नाम किया वहीं सिल्वर सिटी स्ट्राइकर की टीम प्रथम उपविजेता तथा तंगौरी-सिक्स की टीम द्वितीय उपविजेता रही। खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए एन.के शर्मा ने कहा कि पंजाब में शिरोमणि अकाली दल की सरकार के समय में खेल मेलों का नियमित रूप से आयोजन किया जाता था,वहीं डेराबस्सी हल्के में हर सप्ताह विभिन्न स्थानों पर खेलों का आयोजन किया जाता था परंतु अब पिछले कुछ वर्षो से पंजाब में खेलों का आयोजन केवल कागजों में हो रहा है।



## रोड़ सेफ्टी क्विज: पंचकूला में 75 हजार विद्यार्थियो में से चुने गए 12 सितारें, राज्य स्तर पर करेंगे पंचकूला का नेतृत्व





पंचकूला, यूटर्न, 12 जनवरी। सड़क सुरक्षा के प्रति बच्चों में जागरूकता और जिम्मेदार नागरिक तैयार करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा आयोजित रोड सेफ्टी प्रतियोगिता में पंचकूला के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। आज सेक्टर-1 स्थित पीजी कॉलेज, पंचकूला में आयोजित अंतिम चरण की परीक्षा के उपरांत विभिन्न आयु वर्ग के पंचकूला के अलग-अलग स्कूलों से कुल 12 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय रोड सेफ्टी प्रतियोगिता के लिए किया गया। ये सभी विद्यार्थी अब राज्य स्तर पर पंचकूला जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम के दौरान चयनित 12 विद्यार्थियों के साथ-साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद अंतिम चरण तक पहुंचने वाले अन्य 63 विद्यार्थियों को एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसीपी ट्रैफिक ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में बच्चों का रोड सेफ्टी जैसे महत्वपूर्ण विषय में रुचि लेना समाज के लिए सकारात्मक संकेत है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि इस रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता का पहला चरण 15 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया था, जिसमें पंचकूला जिले से 75,522 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# सोशल मीडिया पोस्ट पर दर्ज एफआईआर की जांच पर हाईकोर्ट की ब्रेक, पंजाब सरकार से जवाब तलब

चंडीगढ़, यूटर्न, 12 जनवरी। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर उपयोग से जुड़े एक सोशल मीडिया पोस्ट मामले में बड़ी राहत देते हुए दर्ज एफआईआर की आगे की जांच पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने पंजाब सरकार को नोटिस जारी कर 23 फरवरी तक जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश जस्टिस विनोद एस. भारद्वाज ने माणिक गोयल समेत अन्य की ओर से दाखिल एफआईआर रद्द करने की याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। याचिकाकताओं में एक लॉ स्टूडेंट व आरटीआई एक्टिविस्ट के साथ तीन पत्रकार शामिल हैं, जिनके खिलाफ मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर के कथित इस्तेमाल को लेकर इंटरनेट मीडिया पर सवाल उठाने के बाद मामला दर्ज किया गया था।




### जनहित से जुड़ा मुद्दा बताया याचिकाकर्ताओं ने

याचिकाकताओं की ओर से अदालत को बताया गया कि यह पूरा मामला सार्वजनिक संसाधनों के उपयोग में पारदर्शिता से जुड़ा है। याचिका में कहा गया कि 8 दिसंबर को मुख्यमंत्री के नाम से आवंटित हेलीकॉप्टर की कई उड़ानें दर्ज की गईं, जबकि उस दिन मुख्यमंत्री भगवंत मान आधिकारिक विदेशी दौरे पर देश से बाहर थे। इसके बावजूद हेलीकॉप्टर ने चंडीगढ़ में कई चक्कर लगाए, फिर अमृतसर गया और अन्य स्थानों पर उड़ान भरने के बाद वापस चंडीगढ़ लौटा। याचिकाकताओं ने स्पष्ट किया कि यह जानकारी किसी गोपनीय स्रोत से नहीं, बल्कि FlightRadar24 जैसे सार्वजनिक और वैध फ्लाइट-ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म से प्राप्त की गई थी।

**कोई निजी शिकायतकर्ता नहीं...**याचिका में यह भी रेखांकित किया गया कि इस मामले में किसी आम नागरिक की ओर से कोई शिकायत नहीं की गई। एफआईआर केवल एक पुलिस अधिकारी की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई है। वहीं एफआईआर में यह स्वीकार किया गया है कि हेलीकॉप्टर उड़ा था और उसका उपयोग किसी संवैधानिक पदधारी ने किया, लेकिन उस व्यक्ति की पहचान और उपयोग के उद्देश्य को छुपाया गया।

**हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी...**सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सरकार की दलीलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि देश में पुलिस राज नहीं चल सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों को आलोचना और सवालों के लिए तैयार रहना चाहिए। जब सरकार की ओर से यह तर्क दिया गया कि सोशल मीडिया पोस्ट से कानून-व्यवस्था को खतरा पैदा हुआ, तो कोर्ट ने पूछा कि इसे साबित कैसे किया गया और क्या याचिकाकताओं को कोई पूर्व चेतावनी दी गई थी। अदालत ने सरकारी वकील को अनावश्यक दलीलों से बचने की भी नसीहत दी।

**अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर जोर...**हाईकोर्ट ने साफ कहा कि लोगों की आवाज दबाने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। नागरिकों को सरकार से सवाल पूछने और उसकी आलोचना करने का अधिकार है। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि सरकार को आलोचना से असहज नहीं होना चाहिए और जनता भावनाओं से नहीं, तथ्यों से फैसले लेती है।मामले की अगली सुनवाई अब 23 फरवरी को होगी।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 08 हिमाचल के सोलन में भीषण आग, बच्चा...

# सोमवार चंडीगढ़ में 24 महीनों में सबसे ठंडा दिन रहा, बठिंडा, गुरुग्राम में तापमान 0.6 डिग्री रहा

**चंडीगढ़/यूटर्न/12 जनवरी। सोमवार को चंडीगढ़ में कड़ाके की ठंड पड़ी, क्योंकि कई मौसम स्टेशनों पर न्यूनतम तापमान गिरकर लगभग 3.3 डिग्री हो गया, जो 2023 के बाद शहर में जनवरी का सबसे ठंडा दिन था।**

**तापमान में अचानक गिरावट से पूरे उत्तर भारत में सुबह कड़ाके की ठंड रही, जिसमें गुरुग्राम हरियाणा में 0.6 डिग्री के साथ सबसे ठंडा स्थान रहा। लुधियाना में न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बठिंडा में भी तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस था और गुरुग्राम जितना ही ठंडा था। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, शीत लहर की स्थिति तब घोषित की जाती है जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे चला जाता है और सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री कम होता है, या जब तापमान 4 डिग्री या उससे कम हो जाता है। अगर न्यूनतम तापमान 2 डिग्री या उससे कम हो जाता है तो गंभीर शीत लहर की घोषणा की जाती है।**



## आने वाले दिनों में रातों को होगी ठंड

मौसम अधिकारियों ने कहा कि आने वाले दिनों में रातें ठंडी रहेंगी, लेकिन दोपहर में धूप निकलने की उम्मीद है। इस सर्दी के मौसम में यह पहली बार है कि चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री दर्ज किया गया, जो रविवार रात को रिकॉर्ड किया गया था। शहर में शनिवार रात को न्यूनतम तापमान 4 डिग्री दर्ज किया गया था। पिछले साल, चंडीगढ़ में जनवरी का सबसे कम तापमान 27 जनवरी को 6 डिग्री था, जबकि 2024 में, 16 जनवरी को पारा गिरकर 2.7 डिग्री हो गया था।

## पंजाब और हरियाणा के कई इलाके हुए ठंडे

रविवार को पंजाब और हरियाणा के कई हिस्सों में भी कड़ाके की ठंड पड़ी, जिसमें न्यूनतम तापमान मौसमी औसत से नीचे चला गया। सोमवार को दिल्ली में भी कड़ाके की ठंड पड़ी, शहर के कई मौसम स्टेशनों पर न्यूनतम तापमान गिरकर लगभग 3 डिग्री सेल्सियस हो गया, जिससे यह 2023 के बाद से जनवरी का सबसे ठंडा दिन बन गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 16 जनवरी, 2023 को न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था।

## कई जगह येलो अलर्ट जारी

आईएमडी ने घने से बहुत घने कोहरे और अलग-अलग जगहों पर शीत लहर की स्थिति के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसके अगले एक हफ्ते तक जारी रहने की उम्मीद है। ट्राईसिटी में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, बारिश का कोई पूवार्नुमान नहीं है और आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा।

## दिल्ली के कई इलाकों का तापमान गिरा

सुबह 8.30 बजे दर्ज किए गए स्टेशन-वार डेटा के अनुसार, दिल्ली के मुख्य मौसम स्टेशन सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.2 डिग्री कम था। आईएमडी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। विभाग ने कहा कि अगले दो दिनों तक राष्ट्रीय राजधानी में शीतलहर की स्थिति बनी रहने की संभावना है। इस बीच, दिल्ली की हवा की गुणवत्ता खराब बनी रही।

# गुरुग्राम में प्रेम सागर हृदय रोग चिकित्सालय का उद्घाटन, सस्ती व सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर

चंडीगढ़, यूटर्न, 12 जनवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम के सेक्टर-12ए स्थित विवेकानंद आरोग्य केंद्र में प्रेम सागर हृदय रोग चिकित्सालय का उद्घाटन करते हुए कहा कि राज्य सरकार का निरंतर प्रयास है कि प्रदेश के हर नागरिक को सस्ती, सुलभ और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ ढांचे के साथ-साथ निजी एवं सामाजिक संस्थानों की भागीदारी आमजन के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है।

स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विवेकानंद आरोग्य केंद्र जैसे संस्थान जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारतझ्र चिरायु योजना के तहत प्रदेश में अब तक 1 करोड़ 34 लाख कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से लगभग 25 लाख मरीजों के इलाज पर 4,500 करोड़ रुपये के क्लेम दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 70 वर्ष से



अधिक आयु के सभी बुजुर्गों को 5 लाख रुपये तक नि:शुल्क उपचार की सुविधा दी जा रही है। साथ ही सरकारी अस्पतालों को निजी अस्पतालों की तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संस्था को 31 लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा भी की।

# लोहडी बठिंडे दी, मान धीयाँ दा सत्कार धींया दा - वीनू गोयल

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/12 जनवरी। डायमण्ड वैलफेयर सोसायटी द्वारा समाज सेवी वीनू गोयल की अगुवाई में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं मिशन के अंर्तगत भ्रूण हत्या व दहेज प्रथा की बुराईयो को खत्म करने के उद्देश्य से संस्था द्वारा 2003 से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। संस्था द्वारा लोहड़ी के उपलक्ष्य में आज सरकारी राजिंदरा कॉलेज मे 108 नवजन्मी बेटियो की लोहड़ी बड़ी धूमधाम से मनाई गई। बेटियों को परिवार सहित पहली लोहडी पर



उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर लोहड़ी का शगुन कर 108 कंजक पूजन भी किया गया। कान्हा डाँस एकेडमी द्वारा एक पंजाबी सभ्याचारक कार्यक्रम पेश किया गया। मनीषा शर्मा द्वारा मंच का संचालन किया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु मुख्य अतिथि के रूप में सुखमिंदर कौर बराड़ (सुक्खी) चेयरपर्सन सीएसएनए उपस्थित हुई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि मेयर पद मजीत मेहता ने नवजन्मी बेटियों के परिवार को शुभकामनाएं दी। वहीं कालेज के प्रिंसिपल जयोत्सना सिंगला ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथिगण डा. दीपक बांसल, विमल बांसल (विमल संर्कीतन मण्डल), पारस गुप्ता, रूफी गुप्ता, कृष्ण कुमार, मदन जिंदल, पवन जिंदल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मैडम शारदा, प्रतिभा शर्मा, हरमन शर्मा ,रीना, पिंकी, पायल, का विशेष सह योग रहा। सभी बेटियों की पहली लोहड़ी पर उन्हें उपहार दिए गए।

# विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने गांव बाकरपुर में मनाई लोहड़ी, दिया एकता और भाईचारे का संदेश



डेराबस्सी, यूटर्न, 12 जनवरी। डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने गांव बाकरपुर स्थित अपने निवास पर आम आदमी पार्टी की डेराबस्सी टीम के साथ लोहड़ी का पावन पर्व पारंपरिक तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

लोहड़ी समारोह के दौरान विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने क्षेत्रवासियों को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोहड़ी पंजाब की संस्कृति और परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण त्योहार है, जो भाईचारे, एकता और आपसी प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्व समाज को जोड़ने का काम करते हैं और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं।

विधायक रंधावा ने आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं की सराहना करते हुए कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ता हैं, जो दिन-रात जनता की सेवा में लगे रहते हैं। उन्होंने डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो, जनकल्याणकारी योजनाओं और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की नीतियों पर भी संक्षेप में प्रकाश डाला। समारोह के दौरान पारंपरिक लोहड़ी गीतों के बीच आग के फेरे लगाए गए और क्षेत्र की खुशहाली व तरक्की के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम के अंत में विधायक रंधावा ने सभी क्षेत्रवासियों के अच्छे स्वास्थ्य, सुख-शांति और समृद्ध जीवन की कामना की।

# जीरकपुर में नकली इकाई एलईडी टीवी का भंडाफोड़, छह टीवी जब्त, दो पर मामला दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 12 जनवरी। जीरकपुर थाना पुलिस ने नामी ब्रांड ईकाई के नकली एलईडी टीवी बेचने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए जीएस सैनी इलेक्ट्रॉनिक पटियाला चौक के पास से छह नकली एलईडी टीवी बरामद किए हैं। इस संबंध में दुकान मालिक सतवीर सिंह लोगिया उर्फ गोगी और उसके सेल्समैन नवीन कुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। ईकाई कंपनी की ओर से अधिकृत जांच अधिकारी मुकेश माल ने थाना जीरकपुर में शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि जीएस सैनी इलेक्ट्रॉनिक में ईकाई ब्रांड के नाम पर नकली एलईडी टीवी तैयार कर फर्जी बिलों के जरिए बाजार में सप्लाई की जा रही है। इससे आम उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी की जा रही थी।

सूचना मिलने पर मुकेश माल ने पुलिस को सूचित किया। सब इंस्पेक्टर जीवन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम और ईकाई कंपनी की टीम ने संयुक्त रूप से दुकान की जांच की। जांच के दौरान दुकान में छह एलईडी टीवी सील बंद हालत में मिले, जिन पर ईकाई का लोगो और बारकोड लगा हुआ था। जांच में यह साफ हुआ कि यह बारकोड और ब्रांडिंग फर्जी थी और ईकाई कंपनी से संबंधित नहीं थी।

पुलिस की मौजूदगी में सभी छह एलईडी टीवी को सील कर थाने लाया गया। शिकायतकर्ता की रिपोर्ट और पुलिस की जांच के आधार पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के साथ-साथ कॉपीराइट एक्ट 1957 की धारा 63 और 65 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और इस नकली सामान के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जाएगी। साथ ही आम जनता से अपील की गई है कि वे इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदते समय बिल और ब्रांड की प्रामाणिकता जरूर जांचें।

Uturn Time 13 Jan 2026_Page 1-4.qxd 12-01-2026 23:00 Page 6



# खाटू वाले बाबा तेरी लीला न्यारी भजनों की मस्ती में झूमे भक्तजन

## सच्चे मन से बाबा श्याम के प्रति अटूट विश्वास रखने से होती है मनोकामनाएं पूर्ण-हरिपाल वर्मा





चंडीगढ़/यूटर्न/12 जनवरी। चंडीगढ़ रोड कोहाडा चौंक के समीप नवनिर्मित श्री खाटू श्याम सालासर मंदिर में साप्ताहिक श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन नरेंद्र जिंदल,विकास जिंदल परिवार वालो की ओर से ट्रस्टी प्रदीप मित्तल,संदीप अग्रवाल, एल.आर.मित्तल, व अनिल मित्तल की अध्यक्षता में किया गया।संकीर्तन में श्याम बाबा का गुणगान कन्हैया झा राजस्थान वालो द्वारा किया गया।सर्वप्रथम आचार्य दीपक पाण्डेय ,पंडित राज तिवारी एवं पंडित केशव उपाध्याय द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ श्याम बाबा को पुष्पमालाएं अर्पित की गई। ट्रस्ट सदस्यों द्वारा ज्योति प्रज्वलित कर संकीर्तन का शुभारंभ किया गया।संकीर्तन में बाबा का अलौकिक श्रृंगार नरेंद्र परिवार द्वारा किया गया।जो कि देखने योग्य था। संकीर्तन से पूर्व विकास जिंदल परिवार द्वारा हवन यज्ञ किया गया।

संकीर्तन में हरियाणा से लोकपाल हरिपाल वर्मा,भाजपा नेता गुरपाल गोल्डी ने परिवार सहित भाग लेकर बाबा श्याम जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके हरिपाल वर्मा ने कहा कि सच्चे मन से बाबा श्याम के प्रति समर्पण और अटूट विश्वास रखने से आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।उन्होंने कहा कि ये मेरा सौभाग्य है कि मुझे परिवार सहित इस मंदिर में हाजिरी लगाने का मौका प्राप्त हुआ।



कन्हैया झा ने खाटू श्याम के कई भजनों की प्रस्तुति से भक्तों को भक्तिरस में डूबो दिया और पूरा माहौल खाटूमय प्रतीत होने लगा। खाटू वाले बाबा तेरी लीला न्यारीर आदि भजनों की मस्ती में भक्तजन झूम उठे।संकीर्तन में बाबा श्याम की आरती उपरांत द्वारा प्रशाद वितरित किया गया। ।इस मौके पर विजय गोयल, संजय अग्रवाल, अभिषेक गुप्ता, हरीश गर्ग, मुनीश बजारी, संदीप गोयल, दीपक मित्तल, राज गुप्ता, के . के गर्ग,नीपम बांसल, विनोद गोयल, प्रशांत गर्ग, अतुल वालिया, नरेश अग्रवाल, विशाल माहेश्वरी चंदेश्वर भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिव मंदिर चहलां में माथा टेका



लुधियाना/यूटर्न/12 जनवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने समराला दौरे के दौरान प्राचीन श्री मुक्तेश्वर धाम चहलां मंदिर में माथा टेका। जहां मंदिर के पुजारी सुरेश गुरु जी ने विधिवत पूजा-अर्चना की और हवन यज्ञ में आहुतियां डालीं। मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रमोहन शर्मा ने मुख्यमंत्री सैनी को भोले शंकर जी की छवि देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि मेरी बड़ी इच्छा थी कि मैं भोले नाथ के मंदिर में माथा टेकूं। आज मंदिर में भोले नाथ के दर्शन कर बहुत शांति मिली। उन्होंने कहा कि पंजाब की शांति और अमन के लिए उन्होंने महादेव से प्रार्थना की है कि पंजाब में कौमी एकता के साथ-साथ मानसिक शांति भी बनी रहे। इस मौके पर मंदिर कमेटी के महासचिव बलविंदर शर्मा, कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, मंदिर सेवक नील कमल शर्मा, दीपक आनंद, रजे रतन, बलविंदर बीटीएल, निशु शर्मा, आशु शर्मा, मंदिर सचिव बलदेव कृष्ण के अलावा लुधियाना भाजपा अध्यक्ष रजनीश धीमान, भाजपा नेतृत्व मौजूद रहे।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### वक्त के साथ तरीका बदल गया फिर भी पंजाबियों का पसंदीदा त्योहार है लोहड़ी

लोहड़ी पंजाब का एक प्रमुख लोकपर्व है, जो हर वर्ष जनवरी माह में पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार नई फसल, विशेषकर गेहूं की बुवाई और शीत ऋतु के अंत का प्रतीक माना जाता है। समय के साथ-साथ लोहड़ी का स्वरूप अवश्य बदला है, लेकिन इसके प्रति लोगों का प्रेम आज भी उतना ही गहरा है।पहले लोहड़ी गांवों में सामूहिक रूप से मनाई जाती थी। लोग खुले मैदान में अलाव जलाते, पारंपरिक गीत गाते और तिल, मूंगफली, रेवड़ी व गुड़ अर्पित करते थे। आज शहरी जीवनशैली के कारण लोहड़ी घरों, सोसाइटियों और होटलों तक सीमित हो गई है। डीजे संगीत, आधुनिक सजावट और सोशल मीडिया पर शुभकामनाओं का आदान-प्रदान इसके नए रूप को दर्शाता है। हालांकि बदलाव के बावजूद लोहड़ी का मूल भाव वही है-आपसी भाईचारा, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और पारिवारिक मेल-मिलाप। खासकर नवविवाहितों और नवजात शिशु वाले परिवारों के लिए लोहड़ी का विशेष महत्व है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि भले ही वक्त के साथ लोहड़ीका रूप बदला हो, लेकिन इसकी आत्मा आज भी जीवंत है। यही कारण है कि लोहड़ी आज भी पंजाबियों का सबसे पसंदीदा और प्रिय त्योहार बना हुआ है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Insurance Ombudsman के बाद क्या? आगे का कानूनी रास्ता कौन-सा है?**

Insurance Ombudsman तक जाने के बाद कई लोगों को राहत मिल जाती है, लेकिन कुछ मामलों में Ombudsman का फैसला उपभोक्ता के पक्ष में नहीं आता या शिकायत पूरी तरह हल नहीं हो पाती। ऐसे में आम सवाल होता है — अब आगे क्या किया जाए? क्या यहीं मामला खत्म मान लिया जाए? कानून इसका जवाब 'नहीं' देता है। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि Insurance Ombudsman कोई अंतिम न्यायालय नहीं है। यह एक वैकल्पिक और सरल समाधान व्यवस्था है। यदि Ombudsman का निर्णय उपभोक्ता को स्वीकार नहीं है, तो वह आगे Consumer Forum जाने के अधिकार से वंचित नहीं होता।

Ombudsman के पास जाना अदालत जाने से रोकता नहीं है।

ऐसे मामलों में अगला व्यावहारिक कदम Consumer Forum होता है। वहाँ Ombudsman के आदेश, Insurance Ombudsman का पत्राचार और पूरे रिकॉर्ड को साथ रखकर यह दिखाया जा सकता है कि शिकायत के समाधान की कोशिश पहले ही की जा चुकी है, लेकिन उपभोक्ता को संतोषजनक राहत नहीं मिली। यह बात Consumer Forum में शिकायत को और मजबूत बनाती है। कई लोग यह भी सोचते हैं कि Ombudsman में जाने के बाद समय निकल गया होगा। लेकिन कानून उपभोक्ता को यह अवसर देता है कि वह उचित समय के भीतर Consumer Forum में अपनी शिकायत रख सके। सही दस्तावेज और तथ्यात्मक प्रस्तुति यहाँ निर्णायक भूमिका निभाती है। यह भी समझना जरूरी है कि Ombudsman का रास्ता 'गलत' नहीं होता, भले ही फैसला पक्ष में न आए। इसके उलट, यह दिखाता है कि उपभोक्ता ने विवाद को शांतिपूर्वक सुलझाने की ईमानदार कोशिश की थी। कानून ऐसी कोशिश को नकारात्मक रूप में नहीं देखता।

निष्कर्ष: Insurance Ombudsman अंत नहीं, बल्कि एक पड़ाव है। यदि वहाँ से पूरी राहत न मिले, तो Consumer Forum का रास्ता खुला रहता है। सही मंच, सही समय और सही दस्तावेज—इन्हीं से उपभोक्ता का अधिकार सुरक्षित होता है। जागरूक व्यक्ति वही है जो हार मानने से पहले अपने कानूनी विकल्पों को समझता और इस्तेमाल करता है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई लोहड़ी, युवाओं व बच्चों ने लिया उत्सव का आनंद

## ट्राई सिटी के मॉल्स में हो रहे लोहड़ी के सांस्कृतिक आयोजन





चंडीगढ़, यूटर्न, 12 जनवरी। लोहड़ी पर्व को लेकर शहर और आसपास के क्षेत्रों में खासा उत्साह देखने को मिला। पंजाबियों के लिए विशेष महत्व रखने वाला यह पर्व पूरे पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। जिन परिवारों में बीते वर्ष विवाह या पुत्र-पौत्र की प्राप्ति हुई थी, वहां लोहड़ी की रौनक देखते ही बनती थी। बच्चे दिनभर घर-घर जाकर लोहड़ी मांगते नजर आए। महिलाओं ने पारंपरिक लोहड़ी गीत गाए, वहीं देर रात तक युवाओं और बच्चों ने ढोल की थाप पर जमकर मस्ती की।

उधर चंडीगढ़ ,मोहाली और ट्राई सिटी के मॉल्स में भी पारंपरिक अंदाज में लोहड़ी मनाई गई। एचएलपी मॉल में ह्वविरसे दे रंग एचएलपी दे संगह्व थीम के तहत पंजाबी लोक संस्कृति और विरसे की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में सी एम सिक्युरिटी आफिसर कमल सिसोदिया गेस्ट ऑफ ऑनर रहीं ।आयोजकों के अनुसार, ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का माध्यम बन रहे हैं।

# नव संवत पर 17 मार्च को निकलने वाली हिंदू चेतना यात्रा की तैयारियों हेतु मीटिंग आयोजित



लुधियाना/यूटर्न/12 जनवरी। राष्ट्रीय हिंदू मंच पंजाब की ओर से 17 मार्च को नवसंवत के उपलक्ष्य में निकाली जा रही हिंदू चेतना यात्रा को लेकर एक विशेष मीटिंग श्री दंडी स्वामी तपोवन आश्रम में श्री बालाजी महाराज के सानिध्य में की गई। ये मीटिंग राष्ट्रीय हिंदू मंच पंजाब के अध्यक्ष पवन शर्मा, महासचिव ओपी त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग में सभी धार्मिक सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ विशाल जनसमूह ने भाग लिया। मीटिंग का शुभारंभ पंडित ओ.पी.त्रिपाठी, सुरिंदर खन्ना, पवन शर्मा, अमित बांसल, विपन थापर द्वारा ज्योति प्रचंड के साथ श्री हनुमंत सेवा समिति संगीत परिवार के राजू बांसल, विशाल अग्रवाल, निश्चिंत सुमन ने गणेश वंदना व श्री हनुमान चालीसा के पाठ से किया। मीटिंग में विशेष रूप से मुक्त आश्रम से श्री श्री ज्ञानेश्वर सूद जी, पंडित बाबू राम भारद्वाज, विवेक धाम से समृति भारती, स्वामी गुरु प्रिया भारती, आचार्य दीपक, पंडित शिवम भारद्वाज, रामानुज श्री दुर्गा सेवक संघ से बलबीर गुप्ता, संदीप गुप्ता, श्री राम लीला कमेटी दरेसी से दिनेश मरवाहा, कमल बस्सी, संदीप मरवाहा, शिवरात्रि महोत्सव कमेटी से संजय गुप्ता, पवन लहर, सुमन गुप्ता, हर हर महादेव शिवरात्रि महोत्सव कमेटी से अश्वनी बहल, जीवन गुप्ता, दविंदर बहल गोगा, बनवारी हरजाई, विमल हरजाई, सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर से अमन जैन, सौरव जैन, पंडित अजय वशिष्ठ, पंडित दीपक वशिष्ठ, पूर्व पार्षद अनिल पारती, न्यू यंग फाइव स्टार क्लब से राजेश जैन बॉबी, प्राचीन गऊशाला से शाम लाल सपरा, के.आर. सीकरी, पार्षद सुनील मोदगिल, दविंदर जग्गी, विक्की डावर ने भाग लेकर आपने सुझाव दिए।

Uturn Time 13 Jan 2026_Page 1-4.qxd 12-01-2026 23:00 Page 7



# आप सरपंच के कातिल शूटर गिरफ्तार, छत्तीसगढ़ में छुपे थे, 5 मददगार मोहाली-तरनतारन से पकड़े

पंजाब/यूटर्न/12 जनवरी। पंजाब के अमृतसर में आम आदमी पार्टी (अअढ) के सरपंच जरमल सिंह हत्याकांड को लेकर डीजीपी गौरव यादव आज (सोमवार) को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। डीजीपी ने कहा- सरपंच के हत्याकांड में 7 गिरफ्तारियां हुई हैं। इनमें 2 छत्तीसगढ़ के रायपुर, 2 मोहाली और 3 तरनतारन से हुई हैं। डीजीपी ने बताया कि रायपुर से पकड़े गए सुखराज सिंह निवासी तरनतारन और कर्मजीत सिंह निवासी गुरदासपुर ने ही सरपंच को गोली मारी थी। जोबनजीत सिंह नाम के 2 आरोपियों को पकड़ा गया है। इसके बाद सोमवार सुबह पुलिस ने कुलविंदर सिंह किंदा, अरमानदीप सिंह और हरदीप सिंह पकड़े हैं। बताया कि रायपुर में पकड़े गए दोनों आरोपियों को वहां की लोकल कोर्ट में पेश कर 14 दिन के



ट्रांजिट रिमांड पर लिया गया है। उन्हें बाई एयर पंजाब लाया जा रहा है। डीजीपी ने ये भी बताया कि विदेश बैठे हैंडलर ने यह मर्डर

### छत्तीसगढ़ भाग गए थे शूटर

*बता दें कि तरनतारन क्षेत्र के रहने वाले सरपंच जरमल सिंह की 4 जनवरी को उस वक्त हत्या कर दी गई थी, जब वे अमृतसर में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। इस वारदात के बाद 2 शूटर छत्तीसगढ़ भाग गए थे, जो वहां के रायपुर शहर में अपने रिश्तेदारों के घर पर छिपे थे। रविवार को रायपुर और पंजाब पुलिस ने दोनों शूटरों को अरेस्ट किया था।*

कराया था। गैंगस्टर प्रभ दासुवाल के साथ सरपंच के साथ रंजिश थी। उन्होंने कहा कि अगर कोई पंजाब में गोली चलाएगा तो पंजाब पुलिस उन्हें देश-विदेश में कहीं नहीं छोड़ेगी।

# जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज का आदेश, ੩੨੮ पावन स्वरूप मामले में एसजीपीसी सरकार का सहयोग करे

अमृतसर/यूटर्न/12 जनवरी। अमृतसर से श्री अकाल तख्त साहिब के 328 पावन स्वरूप मामले को लेकर जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी राजनीतिक दल या संस्था को इस गंभीर मामले से सियासी लाभ नहीं उठाना चाहिए।

ज्ञानी कुलदीप सिंह ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी सिखों के जगत ज्योति गुरु हैं और हर सिख में उनके प्रति गहरी श्रद्धा भावना होती है। उन्होंने बताया कि 328 पावन स्वरूप मामले की जांच के लिए पहले ही स. ईशर सिंह आधारित पड़ताल आयोग बनाया गया था। आयोग की रिपोर्ट में सामने आया कि कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों और अधिकारियों ने संगतों को मिलने वाले पैसे ट्रस्ट फंड में जमा



नहीं किए और बिल भी काटे नहीं। रिपोर्ट में कुल 16 दोषियों के नाम शामिल हैं, जिनके खिलाफ शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने विभागीय कार्रवाई पूरी कर दी है। पूर्व जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह भी पहले इस मामले की गंभीरता को सार्वजनिक मंच से बता चुके हैं। ज्ञानी कुलदीप सिंह ने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अधिकार क्षेत्र में पंथ ने कभी भी सरकार की दखलअंदाजी स्वीकार नहीं की और आगे भी नहीं करेगा। वर्तमान स्थिति में समिति के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह को केवल सरकार के साथ सहयोग करने का अधिकार दिया गया है।

**मीडिया और सोशल मीडिया पर चेतावनी...**जत्थेदार ने मीडिया, सोशल मीडिया और वेब चैनलों पर फैल रही अफवाहों और विवादित टिप्पणियों पर कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति, संस्था या राजनीतिक धड़े को दोषारोपण या बयानबाजी से बचना चाहिए। अगर ऐसा किया गया, तो श्री अकाल तख्त साहिब सख्त नोटिस लेगा।

# पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन को मिला नया वाइस चेयरमैन, व्यापारियों की आवाज बने अनिल ठाकुर

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/12 जनवरी। पंजाब सरकार ने व्यापारियों को राहत देने और उनके हितों की प्रभावी पैरवी के उद्देश्य से गठित पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन (पीएसटीसी) को मजबूती देते हुए अनिल ठाकुर को इसका वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अनिल ठाकुर राज्य स्तर पर व्यापारियों के मुद्दों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक प्रतिष्ठित व्यक्ति के रूप में इस




अहम भूमिका में कार्य करेंगे। पंजाब के गवर्नर द्वारा गठित यह आयोग व्यापारियों के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को जमीनी स्तर पर लागू करने, उनकी समस्याओं के समाधान और सरकारी नीतियों को सरल बनाने की दिशा में काम करेगा। अनिल ठाकुर की नियुक्ति को व्यापारिक समुदाय के लिए एक सकारात्मक और भरोसेमंद कदम माना जा रहा है। पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन राज्य, जिला और विधानसभा क्षेत्र तीन स्तरों पर कार्य करेगा। वाइस चेयरमैन के तौर पर अनिल ठाकुर की भूमिका राज्य स्तर पर व्यापारियों की चिंताओं को सरकार तक पहुंचाने और नीतिगत फैसलों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की होगी। अनिल ठाकुर की नियुक्ति से प्रदेश के व्यापारिक संगठनों में उत्साह है। व्यापारियों को उम्मीद है कि उनके अनुभव और समझ से व्यापार-अनुकूल माहौल बनेगा और लंबे समय से लंबित समस्याओं का समाधान तेजी से होगा।

# आम आदमी पार्टी वास्तव में एक आपराधिक पार्टी बन चुकी है - सरबजीत सिंह झिंजर



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/12 जनवरी। सोमवार यूथ अकाली दल के अध्यक्ष सरबजीत सिंह झिंजर ने आम आदमी पार्टी की तीखी निंदा करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी वास्तव में एक आपराधिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जब से यह पार्टी पंजाब की सत्ता में आई है, तभी से राज्य की कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। दिन-दहाड़े चोरियां, खुलेआम हत्याएं, लूटपाट और डकैतियां आम बात बन चुकी हैं। सरबजीत सिंह झिंजर ने कहा कि मनीष सिसोदिया द्वारा दिया गया साम-दाम-दंड-भेद वाला बयान इस बात का खुला प्रमाण है कि आम आदमी पार्टी पंजाब में किस तरह की घटिया और जबरदस्ती की राजनीति लागू करना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद पंजाब में 100 से अधिक बेअदबी की घटनाएं हो चुकी हैं। झाड़ू सरकार ने नशे और बेअदबी जैसे संवेदनशील मुद्दों पर सिर्फ राजनीति की है। सरबजीत सिंह झिंजर ने कहा कि पंजाब का माहौल खराब करने की सीधी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री भगवंत मान, अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर बनती है। 328 पावन सरूपों के मामले पर बोलते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि आयोग की रिपोर्ट के अनुसार यह बेअदबी का मामला नहीं है, बल्कि कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों और अधिकारियों की मिलीभगत से हुआ वित्तीय घोटाला है। इस मौके शिरोमणि अकाली दल के देहाती जिला प्रधान जगसीर सिंह कल्याण, शहरी जिला प्रधान सुशील कुमार गोल्डी, बठिंडा शहरी के हलका इंचार्ज इकबाल सिंह बबली ढिल्लों, शिअद के उप प्रधान मोहित गुप्ता, गुरुजी, रामपुरा फूल डे हलका इंचार्ज हरिंदर सिंह हिंदा यूथ अकाली दल के मीत प्रधान संदीप सिंह बाठ, ओम प्रकाश शर्मा आदि भी मौजूद थे।



Uturn Time 13 Jan 2026_Page 1-4.qxd 12-01-2026 23:00 Page 8



# हिमाचल के सोलन में भीषण आग, बच्चा जिंदा जला, 9 लापता, 8 मकान राख

सोलन/यूटर्न/12 जनवरी। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के अर्की बाजार में रविवार आधी रात भीषण आग भड़की। इस हादसे में आठ साल के एक बच्चे की जिंदा जलकर मौत हो गई। एसडीएम निशांत तोमर ने बताया कि कुछ के क्षत-विक्षत हालत में शरीर के अंग जैसे हाथ-टांगे इत्यादि मिल रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि दो परिवारों के करीब 9 लोगों के लापता होने की सूचना है। इनमें 5 बच्चे, 2 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल है। प्रशासन ने लापता लोगों की तलाश में सुबह से ही सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन चला रखा है। घटनास्थल पर जेसीबी से मलबा निकाला जा



रहा है। एसडीआरएफ, पुलिस और होमगार्ड जवान राहत एवं बचाव कार्य में जुटे है। इस दौरान दो शवों के कुछ बॉडी पाट्र्स मिले है। वहीं जिस बच्चे का सुबह के वक्त शव बरामद किया गया, उसकी पहचान प्रियांश पुत्र राकेश निवासी बिहार के तौर पर हुई है।

## 7 परिवार बाहर निकाले, 2 परिवार अंदर फंसे

आग रविवार रात करीब ढाई बजे बाजार में एक रिहायशी दो मंजिला मकान से भड़की। इसकी निचली मंजिल में दुकानें और ऊपर वाली मंजिल में नेपाल व बिहार के 9 परिवार रहते थे। 7 परिवारों को आग लगने के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया। मगर 2 परिवार के लोग अंदर फंस गए। कुछ ही देर में आग ने आसपास की दुकानों और अन्य भवनों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान एक के बाद एक कई एलपीजी सिलेंडर फट गए, जिससे आग और भड़क गई। इससे हालात और भी भयावह हो गए। सिलेंडरों के धमाकों की आवाज से पूरे बाजार क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही शिमला के बालूगंज, अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री दाड़लाघाट और बनलगी से दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और सुबह सात बजे तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। हालांकि, तब तक आठ से 10 मकान जलकर राख हो गए।

# दिनदहाड़े घग्गर की लूटः अमलाला में अवैध रेत खनन, पुल के अस्तित्व पर संकट

डेराबस्सी, यूटर्न, 12 जनवरी। डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में अवैध रेत खनन का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। ककराली, सूंडरा और भांखरपुर के बाद अब गांव अमलाला में भी दिनदहाड़े घग्गर नदी से रेत निकालकर खुलेआम बेची जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह गैरकानूनी गतिविधि प्रशासन की नाक के नीचे चल रही है, लेकिन न तो माइनिंग विभाग और न ही प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है। गांव की पंचायत भी इस पूरे मामले में मूकदर्शक बनी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन से एक ओर जहां सरकारी खजाने को भारी नुकसान हो रहा है, वहीं दूसरी ओर गांव की आवाजाही के लिए बनाए गए पुल का अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया है। घग्गर नदी के किनारों से बेतरतीब ढंग से रेत निकाले जाने के कारण नदी का बहाव और जलस्तर बदल रहा है, जिससे पुल की नींव कमजोर होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में बड़े जान-माल के नुकसान से इनकार नहीं किया जा सकता।

हैरानी की बात यह है कि अवैध खनन पर प्रतिबंध होने के बावजूद संबंधित विभागों की ओर से न तो छापेमारी की जा रही है और न ही प्रशासन इसे रोकने के लिए गंभीर नजर आ रहा है। इसी कारण ग्रामीणों में यह चर्चा आम है कि बिना मिलीभगत के इस तरह का कारोबार संभव नहीं है।



गांव अमलाला में घग्गर नदी से दिनदहाड़े ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए रेत निकालते हुए।

## अवैध खनन से पुल को खतरा : पूर्व सरपंच बलिहार बाली

गांव अमलाला के पूर्व सरपंच बलिहार सिंह बाली ने बताया कि बरसात के मौसम में घग्गर नदी में आए तेज पानी के कारण पुल को पहले ही काफी नुकसान पहुंच चुका है। मौजूदा समय में नदी किनारे हो रहा अवैध रेत खनन खतरे को और बढ़ा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द अवैध खनन नहीं रोका गया तो पुल का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है।

## खेत मालिक अपने खेतों से निकाल रहे हैं रेत : सरपंच अमलाला

अवैध खनन के आरोपों पर जब गांव के मौजूदा सरपंच हरनिंदर सिंह से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि घग्गर किनारे स्थित खेतों के मालिक अपने निजी खेतों से ही रेत निकाल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि गांव की सरकारी जमीन पर किसी तरह का अवैध खनन नहीं हो रहा है।

# गुरदर्शन सिंह सैनी के निवास पर धियों की लोहड़ी की धूम, अश्वनी शर्मा ने दिया आशीर्वाद

डेराबस्सी, यूटर्न, 12 जनवरी। लोहड़ी के पावन पर्व पर समाज को सकारात्मक संदेश देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैनी ने अपने निवास पर ह्यधियों की लोहड़ीह्न बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाई। इस विशेष आयोजन में पंजाब भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक रूप से लोहड़ी जलाकर की गई। इस अवसर पर क्षेत्रभर से आई बेटियों की विशेष भागीदारी रही। गुरदर्शन सिंह सैनी और अश्वनी शर्मा ने बेटियों को शगुन देकर आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन के माध्यम से यह संदेश



दिया गया कि बेटियां किसी भी रूप में बेटों से कम नहीं हैं और उनकी खुशियां मनाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

समारोह में जहां उत्सव का माहौल देखने को मिला, वहीं राजनीतिक दृष्टि से भी यह कार्यक्रम अहम रहा। सैनी के आह्वान पर बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकताओं के जोश और उत्साह ने पार्टी की जमीनी मजबूती को दशार्या।

समारोह को संबोधित करते हुए अश्वनी शर्मा और गुरदर्शन सिंह सैनी ने क्षेत्रवासियों व कार्यकताओं को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि लोहड़ी भाईचारे और खुशियों का प्रतीक पर्व है। समाज से अपील की गई कि बेटा-बेटी में भेदभाव समाप्त कर बेटियों को पूरा सम्मान दिया जाए। अंत में मूंगफली और रेवड़ियां बांटकर खुशियां साझा की गई।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में अश्वनी शर्मा ने आम आदमी पार्टी के एक नेता द्वारा सिख गुरु साहिबानों के प्रति इस्तेमाल की गई भाषा की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि गुरु साहिबानों के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली कोई भी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शर्मा ने भावुक होते हुए कहा कि आज देश जिस आजादी में सांस ले रहा है, वह गुरु साहिबानों की महान कुर्बानियों का परिणाम है, ऐसे में उनके खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

# संवाद कार्यक्रम के तहत इंदिरा कॉलोनी मनीमाजरा में यूथ कांग्रेस की अहम बैठक आयोजित



चंडीगढ़, यूटर्न, 12 जनवरी। संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत यूथ कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक इंदिरा कॉलोनी, मनीमाजरा ब्लॉकझ्र4 में आयोजित की गई। बैठक में यूथ कांग्रेस प्रभारी एजाज चौधरी तथा प्रदेश कोऑर्डिनेटर व अध्यक्ष दीपक लुभाना विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत करने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और इंदिरा कॉलोनी मनीमाजरा ब्लॉक 4 से जुड़े विभिन्न स्थानीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं को लेकर कार्ययोजना तैयार करने पर भी विचार-विमर्श हुआ।

यूथ कांग्रेस के प्रवक्ता साहिल चावर ने बताया कि संगठन आने वाले समय में युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाएगा और जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं से जुड़े विषयों पर प्रशासन को घेरने का काम यूथ कांग्रेस करेगी। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष पंकज ठाकुर, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सतबीर सिंह, यूथ जनरल सेक्रेटरी पारुल बिड़ला, सलाहकार सुनील पारखी, वाल्मीकि समाज से बलबीर भूमबक, संजू, कांग्रेस वार्ड जनरल सेक्रेटरी राजबीर, ओमप्रकाश, ताहिर खान, मोहम्मद साजिद, राजसिंह, रेशम, अजय, राजेश रॉकी, मनीष यादव, हिमांशु, आकाश राजपूत, विवेक, लक्ष्मण, डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्टर बिजेंद्र दुलगच, अमृत लाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इसके अलावा महिला टीम से मीनू चावर, बीरो, गुड़ी, दीपमाला, स्नेहलता, सुरेश, मनीषा, पिंकी, आशु रानी, डिंपल समेत अन्य महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। रामू, राम शंकर, पंकज भमिक, सतीश, समीर, सिद्धांत, टोनी, राहुल सनी, गुरजीत सहित लगभग सौ लोग बैठक में शामिल हुए।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित साथियों का हार्दिक अभिनंदन एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया।

# डॉ. ज्योति यादव बैंस ने एसएसपी बठिंडा का चार्ज संभाला

बठिंडा/यूटर्न/12 जनवरी। 2019 बैच की आईपीएस ऑफिसर डॉ. ज्योति यादव बैंस ने सोमवार को एसएसपी बठिंडा का चार्ज संभाला। इससे पहले, डॉ. ज्योति यादव बैंस एसएसपी खन्ना के तौर पर अपनी बेहतरीन सेवाएं दे रही थीं। इस दौरान, उन्हें पंजाब पुलिस की एक टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। अपना चार्ज संभालने के बाद, जिला पुलिस चीफ डॉ. ज्योति यादव बैंस ने पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन के टॉप ऑफिसर्स के साथ मीटिंग की और कहा कि जिले में हर कीमत पर लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखना पुलिस की टॉप प्रायोरिटी होगी। इस मौके पर, एसएसपी डॉ. ज्योति यादव बैंस ने कहा कि ड्रग स्मगलर्स और गैर-कानूनी कामों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले को ड्रग फ्री बनाने के लिए हर मुमकिन कोशिश की जाएगी और इसके लिए इंटेलिजेंस सिस्टम को और मजबूत किया जाएगा।



Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372